दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्षः- 03
अंकः-254
मुरादाबाद
03 January 2024
(Wednesday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### स्वामी प्रसाद मौर्या के जन्मदिन पर केजीएमयू में रक्तदान शिविर पहुंचे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव

स्वामी प्रसाद मौर्या के जन्मदिन पर केजीएमयू शताब्दी अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ अचानक किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्विद्यालय पहुंचे। दोनों नेता कुशवाहा समाज के रक्तदान शिविर में भाग लेने आए थे। कुशवाहा समाज की ओर से हर साल नए साल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के बाद गांधी वार्ड के सामने कंबल वितरण भी किया। दोनों नेताओं ने इस मौके पर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। आपने ही किया था भवन का उद्घाटन- केजीएमयू का ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन शताब्दी फेज 2 के भवन में है। भवन पहुंचकर उन्होंने विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो तूलिका चंद्रा ने अखिलेश यादव का स्वागत किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पहली बार वे यहां पर आए हैं। इस पर विभागाध्यक्ष ने बताया कि आपने ही इस भवन का उद्घाटन किया था।

### रामलला की मूर्ति फाइनल होने पर चंपत राय बोले- मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा

मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई रामलला की मूर्ति की अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। वहीं, मंगलवार को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का भी बयान आया। उन्होंने कहा कि मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा। भव्य राम मंदिर में स्थापित करने के लिए रामलला की तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति का चयन हो गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। तीन मूर्तिकारों में से कर्नाटक के जानेमाने मूर्तिकार योगीराज अरुण की बनाई मूर्ति पर मुहर लगी है।

## पीएम मोदी ने नए टर्मिनल का किया उद्घाटन, 20 हजार करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

पीएम मोदी मंगलवार से दो दिवसीय दक्षिण दौरे पर तिरुचिरापल्ली पहुंचे। दौरे के तहत पीएम मोदी तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में भारतीदासन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इसके साथ उन्होंने तिरुचिरापल्ली एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा %बीते एक साल में 40 से ज्यादा केंद्रीय मंत्री 400 से ज्यादा बार तमिलनाडु आए हैं। जब तमिलनाडु तेजी से प्रगति करेगा तो देश भी तेजी से विकास करेगा।




तिरुचिरापल्ली में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा साल 2004-2014 के बीच केंद्र से तमिलनाडु को 30 लाख करोड़ रुपये मिले थे लेकिन हमारी सरकार ने बीते 10 सालों में तमिलनाडु को 120 लाख करोड़ रुपये दिए हैं।

हमने तमिलनाडु सरकार को ढाई गुना ज्यादा पैसा दिया है।टर्मिनल बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह के दौरान केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि एयरपोर्ट सिर्फ यात्रा का माध्यम ना रहें बल्कि एयरपोर्ट ग्रोथ का केंद्र बनें। आज एयरपोर्ट देश में रोजगार का केंद्र बने हैं। पीएम मोदी के कार्यकाल में जो बदलाव हुआ है,

उसमें हवाई यात्रा को सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में यात्रा कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुचिरापल्ली एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम स्टालिन, राज्यपाल आरएन रवि और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे।तिरुचिरापल्ली की भारतीदासन यूनिवर्सिटी के 38वें दीक्षांत समारोह में दिए अपने संबोधन में पीएम मोदी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा जो विज्ञान आप सीख रहे हैं, वह एक गांव के किसान की मदद कर सकता है, कई जटिल समस्याओं का समाधान कर सकता है। जो बिजनेस मैनेजमेंट आप सीख रहे हैं, वह उद्योगों की मदद कर सकता है और लोगों की कमाई बढ़ा सकता है। जो अर्थशास्त्र आप सीख रहे हैं, वह गरीबी घटा सकता है। इस तरह जो भी यहां से स्नातक हो रहा है, वह 2047 में विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दे सकता है।

## सीएम योगी ने कहा- अयोध्या की सुरक्षा से समझौता नहीं, अविस्मरणीय होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रीराममंदिर राष्ट्रमन्दिर के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। यह उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का सुअवसर भी है। उन्होंने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों तथा उसके बाद पर्यटकों/श्रद्धालुओं के आगमन को सुखद, संतोषप्रद अनुभव के लिए राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। जमसहयोग से अयोध्या नगरी सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का मानक होगी। मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि अवधपुरी में भव्य-दिव्य श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण में श्रीरामलला के विराजमान होने की बहुप्रतीक्षित साध पूरी होने में अब कुछ ही दिवस शेष हैं। यह श्रीराममंदिर राष्ट्रमन्दिर



के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा। प्राण प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम करोड़ों सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। यह सब अभूतपूर्व है। भावुक करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम उस प्रदेश में निवासरत हैं, जहां प्रभु श्रीराम ने अवतार लिया। पूरी दुनिया आज अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग के लिए सुअवसर मिला है। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु/पर्यटक अवधपुरी आएंगे। उत्तर प्रदेश आगमन पर उन्हें अलौकिक अनुभूति हो, इसके लिए उत्कृष्ट आतिथ्य की सभी व्यवस्थाएं की जाएं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पूरे देश से गणमान्य जनों का आगमन हो रहा है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर पूरी अवधपुरी की भव्य साज-सज्जा की जानी चाहिए। श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए यातायात प्रबंधन, प्रोटोकॉल के अनुरूप अतिथियों के स्वागत-सत्कार हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सभी को इस पर काम करना होगा। जनसहयोग लें। अतिरिक्त मैनपॉवर तैनात करें। मुख्य मार्ग हो या कि गलियां धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो। राज्य सरकार द्वारा अवधपुरी में संचालित किए जाने वाले भोजनालय/भंडारा को माता शबरी के नाम पर स्थापित किया जाए। इसी प्रकार रैन बसेरे को निषादराज गुह्य अतिथि गृह के रूप में विकसित किया जाएगा। अन्य भवनों के नामकरण भी इसी प्रकार रामायणकालीन चरित्रों के नाम पर किया जाएगा। सीएम ने कहा कि 22 जनवरी के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में विभिन्न भाषाओं में साइनेज लगाए जाएं। संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं और संयुक्त राष्ट्र की नौ भाषाओं में साईनेज हों। प्रयागराज-अयोध्या, गोरखपुर- अयोध्या, लखनऊ-अयोध्या, वाराणसी-अयोध्या मार्ग पर स्मार्ट साइनेज लगाये जाएं। विभिन्न भाषाओं में सूचना प्रसारित हो। इन मार्गों पर अतिक्रमण कतई न हो। स्वच्छता हो। रेहड़ी-पटरी व्यवसायी न हो। क्रेन, एम्बुलेंस की उपलब्धता हो। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संबंधित जनपदों को निर्देशित किया जाए। श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अयोध्या आगमन के लिए प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी लखनऊ से वॉल्वो बसों और हेलीकॉप्टर सेवा से जोड़ने के लिए तैयारी करें। अयोध्या में तीन हेलीपैड तैयार हैं, इनका समुचित उपयोग होना चाहिए। अयोध्या की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। प्राण प्रतिष्ठा समारोह तथा उसके बाद अयोध्या में सतत रूप से पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए। सेफ सिटी की परियोजना को बिना देरी तत्काल लागू करें। सीसी टीवी कैमरे लगवाएं। 22 जनवरी से पहले अयोध्या की आईसीसीसी एक्टिव करें। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की हॉस्पिटैलिटी की उत्कृष्ट सुविधा होनी चाहिए। अयोध्या में कहीं भी अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। नया घाट से टेढ़ी बाजार मार्ग पर दोनों ओर रेलिंग लगाएं। सफाई होनी चाहिए। फ्यूल पम्पों पर प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं।

## चक्काजाम... उपद्रव में बदला विरोध-प्रदर्शन, मर्यादाएं टूटी; कैमरे में कैद अराजकता की तस्वीरें

हिट एंड रन मामले में प्रस्तावित नए कानून के तहत 10 साल सजा और जुर्माना के विरोध में सोमवार को शहर के दो लाख से ज्यादा ट्रक चालक हड़ताल पर चले गए। जो ट्रक जहां खड़े थे वहीं पर खड़े रह गए। इससे चकरपुर मंडी और सीपीसी माल गोदाम में माल लोडिंग-अनलोडिंग का काम नहीं हुआ।पूरे उत्तर प्रदेश के साथ कानपुर में दूसरे दिन भी हड़ताल जारी है। धरमपुर बंबा और सजेती थाना इलाके के गुजेला के पास कानपुर सागर मार्ग पर दूसरे दिन भी ट्रक चालकों ने चक्का जाम किया। रोडवेज बसों को भी रोका। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार ( मजिस्ट्रेट ) तक की गाड़ी रोक दी। हालांकि पुलिस ने बसों और मजिस्ट्रेट की गाड़ी को निकलवाया।इससे पहले, सड़क हादसे के बाद भागने पर ड्राइवरों पर पांच लाख रुपये का जुर्माना और 10 साल की सजा के प्रस्तावित कानून के विरोध में शहर में चक्का जाम हो गया। इससे रोडवेज बसों, ई-बसों, ऑटो, टेंपो का पहिया नहीं घूमा। इससे लोगों को पैदल ही गंतव्य को जाना पड़ा। लोग पीठ पर बैग लादकर पैदल चलने को मजबूर हुए। करीब 75 हजार ऐसे वाहनों की हड़ताल से यात्रा करने वाले लोग दिन भर परेशान हुए। नए साल पर घूमने आने जाने वाले लोगों को भी वाहन न मिलने से पैदल आना जाना पड़ा। जो वाहन चालक सड़क पर निकले, उन्हें यूनियन के दबंगों ने पीटा। यात्रियों को वाहनों से उतारकर गालियां दीं और वाहनों पर तोड़फोड़ की। यहां तक की ऊबर, ओला के चार पहिया वाहन भी नहीं चले। हालांकि बाइक सर्विस जारी रही। यूपी मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने एक से तीन जनवरी तक हड़ताल कर विरोध जताने का आह्वान किया है। हड़ताल का असर दूध की आपूर्ति पर भी असर पड़ा। सुबह दुग्ध वाहन सेंटरों तक आ गए, लेकिन शाम को गाड़ी नहीं आई। दुकानों से लोग बिना दूध के ही वापस लौटे। करीब 100 बड़े वाहनों से दूध की आपूर्ति



शहर और आसपास के क्षेत्रों में की जाती है।हड़ताल इसी तरह से रही तो मंगलवार को संकट बढ़ सकता है। कानपुर से ही प्रयागराज और वाराणसी के लिए भी दूध की आपूर्ति होती है। इन जनपदों में भी दूध नहीं पहुंच पा रहा है। अमूल प्लांट के अधिकारी किशन यादव ने बताया कि हड़ताल से दिक्कत आ रही है।आपको बता दें कि कानपुर में हिट एंड रन मामले में बनाए गए प्रस्तावित कानून के विरोध में सोमवार को बस, टेंपो ऑटो चालकों ने हड़ताल की। यूनियन के लोगों ने वाहन नहीं चलने दिए। वहीं, विरोध प्रदर्शन कई जगह उपद्रव में भी बदल गया। जो चालक टेंपो-ऑटो लेकर निकले उनसे मारपीट और अभद्रता की गई। सवारियों से भी गाली-गलौज की। इससे मर्यादाएं टूटती नजर आईं।रामादेवी चौराहा, बारादेवी, किदवईनगर चौराहा, यशोदानगर, गोल चौराहा, जरीब चौकी, जाजमऊ, फूलबाग, कल्याणपुर, गुरुदेव चौराहा समेत शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर यात्रियों की भीड़ रही। यात्री ऑटो टेंपो खाली देखकर बैठाने की मिन्नतें कर रहे, लेकिन ड्राइवर हाथ हिलाकर निकलते दिखे। राामादेवी चौराहे पर दोपहर करीब सवा दो बजे एक ई रिक्शा चालक को महिला यूनियन नेताओं समेत अन्य ने पीटा। सवारियों को गालियां देकर उतारा गया।80 प्रतिशत प्राइवेट, 75 प्रतिशत रोडवेज बसें नहीं चलीं- ड्राइवरों की हड़ताल के कारण 80 प्रतिशत प्राइवेट



कॉमर्शियल वाहन और 75 रोडवेज बसें और ई बसों का संचालन नहीं हो सका। इससे लोग चौराहों पर बस अड्डों पर इंतजार करते है। हड़ताल में मेट्रो बनी सहारा, 30 हजार यात्रियों ने किया सफर- नए साल के पहले दिन सोमवार को टेंपो, आटो, ई-रिक्शा आदि सार्वजनिक परिवहन की हड़ताल में मेट्रो सहारा बनी। आईआईटी से मोतीझील तक नौ किलोमीटर लंबे रूट में ही 30,000 से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया।

इस रूट में छह ट्रेनें ठसाठस भरकर चलीं। मेट्रो स्टेशनों खासकर मोतीझील और आईआईटी में दोपहर से रात तक टिकट लेने के लिए यात्रियों की लंबी लाइनें लगीं। मेट्रो में प्रतिदिन यात्रियों का औसत 4500 हैं। 2022 में साल के पहले दिन रिकार्ड 45000 यात्रियों और 1 जनवरी 2023 को 22000 यात्रियों ने मेट्रो में सफर किया था। 70 प्रतिशत नहीं हो पाई गैस सिलेंडर की आपूर्ति- हड़ताल से गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी नहीं हो पाई। करीब 70 प्रतिशत आपूर्ति ठप रही। कानपुर एलपीजी वितरक संगठन के अध्यक्ष भारतीश मिश्र ने बताया कि रोजाना 20 हजार सिलेंडर की आपूर्ति की जाती है। सोमवार की सुबह पांच हजार सिलेंडर ही जा पाए थे, उसके बाद वाहन रोक दिए गए। बताया कि कानपुर से ही कानपुर देहात, उरई, झांसी व आसपास के दूसरे जिलों में भी भेजा जाता है। पेट्रोल डीजल का अभी पर्याप्त स्टॉक- वाहनों की हड़ताल से पेट्रोल और डीजल को लेकर फिलहाल दिक्कत नहीं है। अभी तीन दिन का स्टॉक पेट्रोल पंपों के पास जमा है। हड़ताल यदि तीन दिन से ज्यादा खिंचती है, तब दिक्कत हो सकती है।

## हिट एंड रन एक्ट के विरोध का दूसरा दिन, सब्जी-दूध की सप्लाई प्रभावित, ISBT में थमे बसों के पहिए

भारत सरकार के फैसले के बाद हिट एंड रन कानून में किए गए संशोधन का देशभर में चक्का जाम कर विरोध चल रहा है। मध्यप्रदेश में ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते पूरे प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। इंदौर के पेट्रोल पंप पर सुबह से लाइनें लगी हुई हैं। भोपाल में बैरसिया यूनियन ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा कर दी है। मध्य प्रदेश चालक-परिचालक यूनियन ने एसडीएम बैरसिया को ज्ञापन सौंप कर दो दिवसीय शांतिपूर्ण हड़ताल समाप्त करने की बात कही है। ज्ञापन में कहा गया है कि यूनियन की ओर से हड़ताल



समाप्त कर दी गई है। अब कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए यूनियन जिम्मेदार नहीं होगी। नवीनतम भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 ( 2 ) में यह प्रावधान किया गया है। हादसे के बाद पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को बिना सूचना दिए अभियुक्त निकल भागता है, तो वह 10 वर्ष की सजा तक का दंड का भागी होगा। इस प्रावधान में यह आवश्यक नहीं है

## संपादकीय Editorial

# 'Karzdar' is the new year

New Year's greetings and celebrations are a cliché as there is little chance of anything changing. In the environment of stress, sadness, failures, horrors like war, destruction, greed and selfishness of the powers that be, nothing seems to be improving for the common man. Don't even realize.

Just being alive is a blessing and also a blessing of destiny. This reality is felt when the common man is conscious, however, market forces have confused him as the New Year approaches. The common man remains unconscious of these possibilities that as the new year has come, his life will also be 'new'! Spring will come and the new journey will be pleasant!

We are not in a state of despair and denial. We are also feeling the new winds and good wishes of the New Year, but the country is living under huge debt, hence we are also in debt. If we are, then this is the country. Of course, we are the 5th largest economy in the world, but the reality is around our population of more than 140 crores. The economic truth is that the per capita income in India is around Rs 1,72,276 and the country, which is the 5th economy, ranks 141st in the world in this context. Why is there such a widespread contradiction? If the country's economic growth rate had continued to be 8 percent or more, we would have become a 5 trillion dollar economy someday.

The reality of economic inequality is that the number of people buying cars more than Rs 10 lakh is increasing and even today there are crores of people who are not sure whether their income will increase or decrease in the new year. The study of RSS Sarkaryavah (General Secretary) Dattatreya Hosabale still hurts that there are 23.5 crore Indians who are unable to earn even Rs 375 per day.

The most frightening reality is that India is dreaming of becoming the third largest economy in the world, the powers that be are boasting and about 81 crore people have to be distributed 'free food grains'. New Year charms and greetings are also being distributed in this group. What is the meaning of celebrating such New Year? Before the sunrise of the New Year, a survey has come out, according to which India has a foreign debt of more than 600 billion dollars.

On an average, every Indian has a debt of Rs 1.40 lakh. The average Indian can lead a life with whatever income and debt he has or celebrate the New Year with great joy. It is because of that survey that many economic references have emerged. Don't know why the slogans of economic power and becoming a world guru are being raised? The conclusion of the survey is that once again before the general elections, glimpses of nationalism, Article 370, Uniform Civil Code and Hindutva etc. have started to be seen. These echoes are beginning to be heard, because despite personal economic contraction, the 5th economy, India as a global power and the public welfare schemes of the Government of India are being considered as 'important achievements' by more than 50 percent of the country. These schemes include schemes like pucca house, free gas cylinder, free tap water, free toilet, Mudra loan etc. Of course, crores are benefiting from these schemes, but the question is that if we are an economy close to 5 trillion dollars, then why are these poor conditions? Having 'BPL' in the name of social security in India is a very beneficial situation. There is no need to work. Unemployment also raises many questions.

# Police Act: Police reforms are necessary to strengthen the internal security of the country.

After the failed revolution of 1857, the British enacted the Police Act, 1861 to keep the country completely enslaved. According to this law, the police is completely subordinate to the government and in a democratic system, governments need public votes, for which to get power, political parties have to take public votes through musclemen and mafias. The President has approved three amendment bills to replace the British era criminal laws. The three new laws will now be called the Indian Justice Code, the Indian Civil Defense Code and the Indian Evidence Act. The need for change in the feudal legal system of the British was being felt for a long time, which the government has addressed through these amendments. But until the police, the institution that enforces these laws, is freed from the Police Act, 1861, which enslaves the country, not much can be expected from the new law and order. After the failed revolution of 1857, the British enacted the Police Act, 1861 to keep the country completely enslaved. According to this law, the police is completely subordinate to the government and in a democratic system, governments need public votes, for which to get power, political parties have to take public votes through musclemen and mafias. As a result, at the behest of the ruling political parties, the police start ignoring organized crimes. When the law enforcement police itself ignores organized crimes and does not present evidence to protect the criminal, then the law cannot punish the criminal in the absence of evidence. In such a situation, the new laws will also prove unsuccessful in curbing crimes like the old system. The responsibility of protecting the external borders of the country lies with the Army and internal security is handled by the police. Under Section 34 of the Military Act, there is a provision of even death penalty for the soldiers responsible for hindering the success of the army and its objectives. But there is no such provision to make the police aware of their responsibility. If some strongmen were able to become big mafia in different parts of the country, it was only because of the protection and indirect cooperation of the police. Former Prime Minister Mrs. Indira Gandhi, fearing her ouster from power, had imposed emergency, under which the police jailed opposition leaders across the country without any crime and without a court order. After the emergency was lifted, the Janata Party government constituted the Police Reform Commission to reform the police system and make it accountable to the public. But after some time, the Janata Party was out of power and the Congress that came to power rejected the recommendations of the Police Reform Commission and formed another Police Commission. Thus, till the year 1996, many police commissions were constituted and in their reports it was said that the state police should be organized in such a way that politicians and bureaucrats cannot influence its functioning, but till 1996, the central government No steps were taken to implement this report of the Police Commission. Police officer Prakash Singh, who was then DGP, filed a petition in the Supreme Court to implement the Police Commission report. On top of that, in 2006, the Supreme Court ordered seven-point police reforms and set a deadline of January 2007 for the central and state governments to implement these reforms. But till now concrete action has not been taken in the direction of these reforms, because no state government wants to lose its control over the police. Obviously, to enable the police force, an important mechanism of internal security, to discharge its duties, police Reforms should be implemented. Only then will the internal security of the country become stronger. The success of the three newly amended criminal laws also depends on police reforms.

# Analysis: India can unite the Global South but resolutions will have to be taken amid global chaos

India's rise naturally gives rise to surveillance and threats, as domestic politics impacts geopolitics. There is a need to reconsider the working style and measurement of responses. In this age of emotional analysis, sticks and stones will hurt bones, but words can stigmatize. The world is at the juncture of time and events. As we enter the new year, emerging crises have given rise to resentment and skepticism. Endless wars and redefinition of national interest are dimming the prospects for development. There is a growing perception that the rule-based world order is turning into global chaos. This context matters for India in how it leverages its potential in an interdependent world. As we enter an election year for major economies, the disparities of geopolitics are coming to the fore. India will have to avoid this and openly consider its options. A useful lens for setting the conditions for debate is the tradition of making New Year's resolutions. The essence of this tradition is reflection, recognition and restoration. Success lies in the art of consensus building on issues of national import and in maintaining and leveraging the rules-based order in the geopolitical arena. Here are some proposals suggested, starting with reforms in the multilateral agencies tasked with strengthening the rules-based world order and on which India has spent so much time and effort. The United Nations is an exceptional organization which is gradually losing its relevance. For this reason, today more than 30 conflict zones have formed around the world. No one is expected to be a winner in the Ukraine war and almost everyone wants the war in Gaza to end. Peace is entangled in binding and non-binding resolutions and is being undermined by veto-wielding countries that represent less than one-sixth of the global population. India can unite the Global South like G-20 to compromise for equitable representation and reforms in the UN and deal with veto-holding countries. India's rise naturally gives rise to surveillance and threats, as domestic politics impacts geopolitics. There is a need to reconsider the working style and measurement of responses. In this age of emotional analysis, sticks and stones will hurt bones, but words can stigmatize. India needs to expand its foreign service cadre across the world to help reframe what matters by collaborating on the definitions of what matters. This requires active shielding, countering irrelevant theories and exposing duplicity. The obituary of the World Trade Organization (WTO) is being written after the failure of the Doha Ministerial Conference. The idea of free trade has been abandoned by its propagators, who are now advocating protectionism. The WTO's Appellate Body has been defunct since 2020 and arbitration is limited to cooperating trading blocs. Like the ministerial meeting held in Cancún, India needs to build a coalition of economies to revive the legitimacy of WTO. Taking the first steps in a better direction will provide an opportunity to host the next ministerial meeting and take .forward our agenda. The two institutions formed at the Bretton Buddies Conference in 1944, the IMF and the World Bank, have fulfilled the objectives of that time. Therefore, there is a need to redefine their roles according to the new realities. India is a leader in digital infrastructure and the fifth largest economy. As the voice of the Global South, India has an opportunity to collaborate and offer a new framework. The IMF needs to go beyond bailouts and provide data to predict future crises and design policies for resilience. Whereas the World Bank should be repositioned to finance the transformation of economies. As India is a participant in global change, it needs to build capacity and resilience at home to sustain its growth. United Nations estimates show that India's working population is not going to decline for the next four decades. But demography is not destiny. India must invest in human capital to be prepared for the disruptive change in business models. The promise of spending more on health and education has not yet been fulfilled. In this era of guarantees, will political parties commit to spending money on health, education and skill development? Unemployment is the top concern in opinion polls. The latest Periodic Labor Force Survey shows that more than 45 per cent of workers depend on one-sixth of the national income derived from agriculture and only 11 per cent depend on manufacturing jobs. Structurally, only 20.8 percent workers work on regular wages, 22 percent are casual workers. Reversal of the demographic boom depends on reforms in labor laws and regulations by state governments and coordination of policies like PLI schemes with investment summits. And yes, better mapping of employment generation will help in this, Which is a suitable task for NITI Aayog. India stands at the crossroads of promise and performance. Success depends on consensus among various parties on the national interest. For this, restoration of dialogue in domestic politics is necessary. The drama in Parliament and the emphasis on party interests is worrying. Dr. Bhimrao Ambedkar had said that if things go wrong, it will not be because of a bad Constitution, but because of 'bad people'. Good people must come forward in Indian politics.Like the ministerial meeting held in Cancún, India needs to build a coalition of economies to revive the legitimacy of WTO. Taking the first steps in a better direction will provide an opportunity to host the next ministerial meeting and take forward our agenda. The two institutions formed at the Bretton Buddies Conference in 1944, the IMF and the World Bank, have fulfilled the objectives of that time. Therefore, there is a need to redefine their roles according to the new realities. India is a leader in digital infrastructure and the fifth largest economy. As the voice of the Global South, India has an opportunity to collaborate and offer a new framework. The IMF needs to go beyond bailouts and provide data to predict future crises and design policies for resilience. Whereas the World Bank should be repositioned to finance the transformation of economies. As India is a participant in global change, it needs to build capacity and resilience at home to sustain its growth. United Nations estimates show that India's working population is not going to decline for the next four decades. But demography is not destiny. India must invest in human capital to be prepared for the disruptive change in business models. The promise of spending more on health and education has not yet been fulfilled. In this era of guarantees, will political parties commit to spending money on health, education and skill development? Unemployment is the top concern in opinion polls. The latest Periodic Labor Force Survey shows that more than 45 per cent of workers depend on one-sixth of the national income derived from agriculture and only 11 per cent depend on manufacturing jobs. Structurally, only 20.8 percent workers work on regular wages, 22 percent are casual workers. Reversal of the demographic boom depends on reforms in labor laws and regulations by state governments and coordination of policies like PLI schemes with investment summits. And yes, better mapping of employment generation will help in this, Which is a suitable task for NITI Aayog. India stands at the crossroads of promise and performance. Success depends on consensus among various parties on the national interest. For this, restoration of dialogue in domestic politics is necessary.

## डीआईजी कार्यालय प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची पीड़िता का आरोप वाजिद नाम के व्यक्ति ने आरोपियों की गिरफ्तारी के नाम पर लिए 30 हजार रुपए

क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद मुंडा पांडे क्षेत्र की रहने वाली दिलबरी नाम की महिला ने डीआईजी कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाइए दरअसल पीड़िता का आरोप है कि मुंडा पांडे क्षेत्र के रहने वाले वाजिद नाम के वेक्ति ने लूट के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने के नाम पर?30000 ले लिए हैं लेकिन 5 आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं पीड़िता का कहना है कि मैं जब मैंने वाजिद नाम के व्यक्ति से अपने पैसे वापस मांगे तो उल्टा ही मुझे धमका रहा है



और कह रहा है दरअसल दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता महिला ने बताया कि बीते कुछ समय पूर्व मुकीम ,फुरकान जाहिद, जावेद , नईम नाम के आरोपी महिला के घर में घुस गए थे और लूट की वारदात को अंजाम दिया था जिसकी शिकायत महिला ने पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने एक आरोपी को तो जेल भेज दिया था लेकिन घटना क्रम को अंजाम देने वाले पांच आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं महिला का आरोप है कि बाकी लोगों की गिरफ्तारी कराने को लेकर वाजिद नाम के व्यक्ति ने उससे 30 हजार रूपए ले लिए है फिलहाल इस पुरे मामले की शिकायत डीआईजी कार्यालय पर पीड़िता ने की है अब देखना है कि इस मामले में कहां से सच्चाई है यह तो पुलिस की जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा

## परिवहन सेवा सुचारु करने में जुटा प्रबंधन, चालकों की हड़ताल से यात्री परेशान






मुरादाबाद -केंद्र सरकार की हिट एंड रन कानून के खिलाफ चालकों-परिचालकों और आटो यूनियन के हड़ताल से जन जीवन प्रभावित होने लगा है। उधर, परिवहन आयुक्त के पत्र के बाद प्रबंधन सक्रिय हो गया है।
विभाग की सेवा की संघन निगरानी शुरू कर दी गयी है। मुरादाबाद और पीतलनगरी डिपो के नियंत्रक और कर्मचारी एक-एक वाहन को रवाना करा रहे हैं। प्रभारी आरएम का कहना है कि निगम की बसों के संचालन में कोई प्रभाव नहीं है। संविदा सेवा का व्यस्थित करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। कर्मचारी संगठनों को सतर्क कर दिया गया है। सुबह से दिल्ली, हरिद्वार, बरेली और रामनगर की सेवाओं की निगरानी तेज कर दी गयी है। लोकल रूट पर यात्रियों को वाहनों की दिक्कत झेलनी पड़ रही है।आटो यूनियन के सदस्य करन सिंह, मुहम्मद शाहिद और असलम का कहना है कि कानून में चालक वर्ग को जो सता कय की गयी है, उसमें तो कोई चालक बचेगा ही नही। ऐसे में हमारा वाहन चलाना खतरनाक है।

## पुलिस को टोटका...तमंचा तो किसी थाने में जुआ-शराब मामले का दर्ज हुआ पहला मामला

मुरादाबाद -जिले के किसी थाने ने तमंचा तो किसी ने जुआ-शराब व अन्य मामलों में ऑनलाइन जीडी पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई के मामले में नूतन वर्ष-2024 के पहले दिन की शुरूआत की है। सिविल लाइन व मझोला थाने ने तमंचा, कटघर पुलिस ने जुआ तो मुगलपुरा व मूंढापांडे थाना पुलिस ने अवैध शराब के मामले में पहला मामला दर्ज किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने प्रथम मामला आयुध अधिनियम में लिखा है। इसे हरथला चौकी प्रभारी प्रबोध कुमार ने पंडित नगला के विपिन के विरुद्ध दर्ज कराया है। विपिन को चौकी प्रभारी ने हेड कांस्टेबल रोहताश, कांस्टेबल रोहित राठी के सहयोग से रात में गश्त के दौरान हिमगिरि फाटक से गुलाब बाग वाले रास्ते पर दबोचा है। इसके पास से उन्होंने तमंचा बरामद किया है। कटघर थाना पुलिस सार्वजनिक जुआ अधिनियम में आरोपी करन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। यह मामला हेड कांस्टेबल रवि राणा ने दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि आरोपी विपिन पुत्र हरकिशार देहरी गांव का है। इसके पास से उन्होंने सट्टा डायरी, 270 रुपये भी बरामद किए हैं। मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि उन्होंने नए वर्ष के पहले दिन और पहला मामला आयुध अधिनियम में आरोपी सुबहान के विरुद्ध दर्ज किया है। आरोपी सुबहान जयंतीपुर में गुलड़ वाली मस्जिद के पास का रहने वाला है। इसे दरोगा पवन मिश्र, कांस्टेबल संघरत्न गौतम ने रात में गश्त के दौरान दबोचा है। मूंढापांडे थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि नए साल के पहले दिन प्रथम मामला अवैध शराब का दर्ज किया गया है। इसमें वीरपुर का पप्पू पुत्र भूरा का नामजद हुआ है। इसे हेड कांस्टेबल राजेश कुमार ने दलपतपुर बाजार में रजैड़ा पुल के नीचे से गिरफ्तार किया है। मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि उन्होंने भी पहला मामला अवैध शराब का दर्ज किया है। इसमें पीरगैब में लंबी वाली गली का अदनान पुत्र तंजीम खान के विरुद्ध हेड कांस्टेबल दिनेश प्रताप सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई है। अदनान को हेड कांस्टेबल तेजवीर सिंह व दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार सुबह गश्त के दौरान रात के एक बजे एवाने हसन शादी हाल के पास से जरीकेन में 10 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोचा है।

## टैंकरों के चक्के जाम, तेल भरवाने को पेट्रोल पंपों पर भीड़, संभल में नोकझोंक के बाद मारपीट





मुरादाबाद -वाहन चालकों की हड़ताल का व्यापक असर जनजीवन पर पड़ रहा है। दूसरे दिन पेट्रोल पंपों पर तेल भरवाने के लिए लंबी कतारें लगी रही। रामपुर, अमरोहा से रोडवेज बसों का संचालन पूरी तरह प्रभावित रहा। मुरादाबाद बस स्टेशन से कुछ बसों को रवाना किया गया लेकिन वह भी जाम में फंस गई। हिट एंड रन कानून में सख्ती बढ़ाए जाने के बाद चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी है। रोडवेज और निजी बसों के नहीं चलने से यात्रा इधर-उधर भटकते रहे। शाम होते ही पेट्रोल पंपों की भीड़ लग गई। कई जगहों पर तेल खत्म होने की स्थिति भी आ गई। कई जगहों पर हालात बिगड़ते-बिगड़ते बचे। अधिकारियों ने बताया कि अमरोहा डिपो से मात्र 18 बसों का संचालन लोकल रूटों के लिए हुआ। दूर-दराज जाने के लिए यात्रियों को सुविधा नहीं मिल सकी। जोया और गजरौला के चौपला पर यात्री बसों का इंतजार करते रहे। एआरएम मोहम्मद शफी ने बताया कि सोमवार और मंगलवार को हुई हड़ताल से रोडवेज को 15 लाख का घाटा हुआ है। उधर, ट्रांसपोर्टरों को भी दो दिनों में 65 लाख का नुकसान हुआ है। यहां से दिल्ली, बनारस, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर आदि के लिए भेजी जाने वाली सब्जी की सप्लाई नहीं हो सकी। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। वह लोकल में सस्ते दामों में सब्जी बेचने को मजबूर हैं। संभल में वाहन चालकों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। आदमपुर रोड पर विरोध प्रदर्शन के दौरान वाहन चलाने वालों को जूतों की माला पहनाकर अपमानित भी किया। विरोध पर एक ट्रैक्टर चालक की पिटाई कर दी गई। रजपुरा में विरोध प्रदर्शन के दौरान नोकझोंक हुई है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का कहना है कि जिले में तीन दिन के अंदर करीब 20 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। शहर के पंपों पर पेट्रोल और डीजल खत्म होने के कगार पर है। दूसरी ओर रोडवेज बसों के चालक काम पर लौट आए हैं। अनुबंधित बसों का करार खत्म करने की चेतावनी के बाद वह काम पर लौटे हैं। परिवहन विभाग ने अनुबंध करार खत्म करने का चेतावनी पत्र मंगलवार को ही जारी किया है। रामपुर में हड़ताल का व्यापक असर दिखा। दूसरे दिन रामपुर डिपो के अधिकारियों ने 18 बसों का संचालन शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि इन बसों को कम किलोमीटर वाले रूटों पर उतारा गया है। इसमें मुरादाबाद, बरेली और रुद्रपुर-हल्द्वानी को रवाना किया गया है। शाम चार बजे किसी अप्रिय घटना सामने नहीं आई। निजी बस संचालकों की एआरटीओ और एआरएम के साथ बैठक हुए। ट्रक चालकों की हड़ताल अभी भी जारी है।

## गोली लगने से दंपती घायल, धमकी देने का वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद -चंदौसी के सैफपुर गांव में बंदूक की नाल साफ करते समय गोली चलने से दंपती जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना में धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुरादाबाद के सैफपुर में बंदूक की नाल साफ करते समय गोली चल गई। इसमें छर्रा लगने से दंपती घायल हो गया। चंदौसी सीएचसी में दोनों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बिलारी कोतवाली के सैफपुर गांव निवासी दिलीप कुमार सोमवार रात घर पर लाइसेंसी बंदूक की नाल साफ कर रहे थे।इस दौरान गलती से ट्रिगर दब गया और गोली चल गई। दिलीप और उसकी पत्नी सरिता बंदूक से निकले छर्रे से घायल हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे। निजी वाहन से घायल अवस्था में दोनों की चंदौसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए लेकर आए। यहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। धमकी का वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार-असमोली थाना क्षेत्र के गांव खेमपुर निवासी युवक आकाश ने वर्ग विशेष पर टिप्पणी करते हुए जान से मारने की धमकी भरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी पुलिस को हुई तो आरोपी को दबिश देकर हिरासत में ले लिया गया। वहीं, राजपूत राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राणा और संगठन मंत्री विकास चौहान ने ट्वीट कर आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उसे न्यायालय में पेश किया गया है। चोरी के समान के साथ दो युवक गिरफ्तार- मुखबिर की सूचना पर सोमवार को पुलिस ने गांव दबथरा के तिराहे के पास से दो युवकों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से दो सोलर मशीन और दो बैटरी बरामद हुईं। आरोपियों ने अपने नाम मोहित व राम प्रकाश निवासी मोहल्ला सुंदर नगरी थाना नरौरा जिला बुलंदशहर बताया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी का समान गांव भौना नगला में खेत से चुराया था। दोनों आरोपियों पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।


## उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के निरस्त होने से यात्री परेशान



मुरादाबाद -लंबी दूरी की ट्रेनों के निरस्त होने और कोहरा की वजह से यात्रियों की दिक्कत बढ़ गयी है। नए साल की छुट्टी को लेकर लोग यात्रा की तैयारी में हैं। जबकि, ट्रेनें विलंब से चल रही हैं और लंबी दूरी की अधिकतर गाड़ियां कैंसिल है। मंगलवार को उदयपुर एक्सप्रेस, पोरबंदर एक्सप्रेस, गरीब रथ, अवध-असम के देर से चलने की सूचना का प्रसारण हो रहा है। दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण उत्तरांचल संपर्क क्रांति से लोकल यात्री गुस्से में हैं। कर्मचारी और शिक्षा कार्य से जुड़े लोग अवकाश के मद्देनजर घूमने जाने की तैयारी प्रभावित होने से गुस्से में शिक्षक नेता मुनीश यादव का कहना है कि रेलवे ने अधिक ट्रेनों का संचालन रोक दिया है। यह नागरिक सेवा भंग करना है। अवकाश के बाद नौकरीपेशा वाले कहीं यात्रा नहीं कर पांएगे। उधर, स्टेशन पर रामनगर और काठगोदाम की ओर जाने वाली ट्रेनों में भीड़ को सहेजने में रेलवे पुलिस को ठंड में भी पसीना उतर आया। दिल्ली दिशा की ओर के दैनिक यात्री ट्रेनों के निरस्त होने से परेशान हैं।

# जून तक स्मार्ट हो जाएगा महानगर, पूरी होंगी 415 करोड़ की परियोजनाएं

मुरादाबाद -संकल्प 2024 = स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ बोले- 127 करोड़ रुपये के स्मार्ट रोड नेटवर्क सहित जल्द पूरी होंगी 10 महत्वाकांक्षी परियोजनाएं इस साल स्मार्ट सिटी मिशन की 414.76 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं के पूरा होने से महानगर पूरी तरह स्मार्ट हो जाएगा। मिशन की 37 में से 27 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। शेष 10 के पूरा होने पर मिशन की परियोजनाओं का काम पूरा हो जाएगा। स्मार्ट सिटी परियोजना के सीईओ ने जून तक परियोजनाएं पूरी करने का संकल्प व्यक्त किया है। इससे महानगर के नागरिकों के अलावा बाहर से आने वालों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। स्मार्ट सिटी मिशन की 37 परियोजनाओं में सर्वाधिक



महत्वाकांक्षी 2.37 अरब रुपये से पीलीकोठी स्थित नगर आयुक्त के शिविर कार्यालय परिसर में परिसर में बना एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर है। इसमें लगे 264 सेंसरयुक्त कैमरे के माध्यम से पूरे महानगर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था की निगरानी होती है। इससे आपराधिक घटनाओं पर भी नजर रखी जाती है। इसकी सराहना जनप्रतिनिधि से लेकर शासन के अधिकारी भी कर चुके हैं। वहीं इसके बाद दूसरी बड़ी परियोजना 127 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट रोड नेटवर्क है। जिसमें बुध बाजार, जीएमडी रोड, इम्पीरियल तिराहा सहित महानगर के कई अन्य क्षेत्रों में सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभों को हटाकर जर्जर तारों को भूमिगत किया जा रहा है। इसके और जल निगम की पेयजल पाइपलाइन का कार्य पूरा होने से महानगर में जलभराव और सड़क के गड्ढों से निजात मिल जाएगी। वहीं आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के 48 में से 45 स्कूलों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण पूरा हो चुका है। इसमें बच्चों को स्मार्ट क्लास में पढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा महानगर में सोलर आधारित वाटर एटीएम, ईको फ्रेंडली सोलर आधारित स्मार्ट टायलेट आदि के कार्य पूरे हो चुके हैं। स्कॉडा परियोजना का कार्य भी मार्च तक पूरा होने की बात कही जा रही है।

### यह परियोजना पूरी हो चुकी है


स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड की 37 में से 515.24 करोड़ रुपये की 27 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। इसमें 237.56 करोड़ रुपये की लागत से बना एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, महानगर में संपत्तियों की जीआईएस आधारित मैपिंग, वायु गुणवत्ता मापक स्टेशन, मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर फॉर ब्रास रिसर्च, आपरेशन कायाकल्प, ब्रास औद्योगिक क्षेत्र में सेवायोजन के लिए कॅरिअर मित्र प्वाइंट, मानव शवदाह गृह, एनीमल कारकस प्लांट, सोलर आधारित वाटर एटीएम परियोजना पूर्ण हो चुकी है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन, सरकारी स्कूलों पर सोलर रूफटॉप, स्मार्ट मीटरिंग आफ वाटर सप्लाई नेटवर्क इन एबीडी एरिया, ओवरहेड टैंक का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण भी हो चुका है। स्मार्ट सिटी परियोजना की 37 में से 27 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। 10 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इसमें से कुछ मार्च और कुछ जून तक पूरी हो जाएंगी। इसके बाद महानगर में नागरिक सुविधाएं पूरी तरह स्मार्ट हो जाएंगी। -संजय चौहान, सीईओ ( नगर आयुक्त ) स्मार्ट सिटी मिशन

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सशस्त्र सीमा बल ने किया सैनिक सम्मेलन का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती संदीप कुमार जेटली, द्वितीय कमान अधिकारी, (कार्यवाहक कमांडेंट) की अध्यक्षता में वाहिनी मुख्यालय भिनगा के सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया इस दौरान संदीप कुमार जेटली, कार्यवाहक कमांडेंट ने सशस्त्र सीमा बल शीर्षक गीत के साथ सैनिक सम्मलेन का आगाज किया इसके बाद सैनिक सम्मेलन में सभी अधिकारीयों एवं जवानो को नव वर्ष 2024 की हार्दिक बधाई देने के बाद सैनिक सम्मेलन की कार्यवाही प्रारंभ की गई इसके बाद वाहिनी की समस्त सीमा चौकियों से आये हुए सीमा चौकी प्रभारियों एवं जवानों से उनके समस्याओं और सीमा पर उनके दैनिक ड्यूटी की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा किया और जवानों को अनुशासन बनाये रखने के साथ अपनी ड्यूटी को ईमानदारी से करने एवं सीमा पर हमेशा सजग एवं सचेत रहने हेतु निर्देशित किया गया बल महानिदेशक का नव वर्ष का शुभ कामना सन्देश पढ़ कर जवानो को सुनाया इसके बाद वाहिनी मुख्यालय में बड़ा खाना का आयोजन किया गया जिसमे श्री संदीप कुमार जेटली कार्यवाहक कमांडेंट महोदय के साथ ने वाहिनी के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और अन्य जवानों के साथ में बैठकर भोजन किया इस दौरान वाहिनी से निरुपेश कुमार उप कमान्डेंट, सोनू कुमार उप कमान्डेंट, पंचानन महाजन, सहायक कमान्डेंट, श्री नाभा चन्द्र सिंह, सहायक कमान्डेंट, श्री रोहित जयंत मगदूम, सहायक कमान्डेंट, डॉ. कल्पना महादेव पाटील, सहायक कमान्डेंट (चिकित्सा), निरीक्षक प्रदीप कुमार और अन्य जवान उपस्थित रहे

# ग्राम पंचायत सोहर्वा में नहीं बनता मध्यान भोजन ग्राम पंचायत सरपंच एव ग्रामीणों ने पहुचे स्कूल

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



बीआरसी के मिलीभगत से होता है भ्रष्टाचार ग्राम पंचायत सोहर्वा के स्कूल में ग्राम पंचायत सोहरवा में स्थित शासकीय विद्यालय में जुलाई से नहीं बन रहा है मध्यान भोजन इसकी जानकारी भोजन बनाने वाली के द्वारा बताया गया जुलाई से नहीं बन रहा है स्कूल में भजन वही ग्राम पंचायत सोहरवा के सरपंच द्वारा एवं उप सरपंच द्वारा एवं उपस्थित गांव के कुछ लोगों के द्वारा पूंछी गई जानकारी का कोई जवाब नहीं मिला स्कूल में नहीं उपस्थित रहते हेडमास्टर सरपंच के द्वारा पूछा गया की आज हमें आप अपनी उपस्थित रजिस्टर दिखाइए तो शिक्षक के द्वारा बताया गया की हम आप को रजिस्टर नहीं दिखा सकते जबकि सरपंच ग्राम पंचायत का मुखिया होता है सभी विभागों की जानकारी लेना सरपंच का अधिकार है परन्तु उसके अधिकार को दबाने का प्रयास किया गया वहीं शासकीय सुविधा का लाभ नहीं मिलता है बच्चों को अभी कुछ दिन पहले बच्चो को शासन के द्वारा साइकिल वितरण किया गया है परन्तु सोहर्वा विद्यालय में किसी बच्चों को साइकिल क्यों नहीं मिली वहीं जुलाई से अभी तक मध्यान भोजन क्यों नहीं बना जो खाद्यान्न आता है वो कहां जाता है और शिक्षक के द्वारा बताया गया कि 100 बच्चे हैं तो उपस्थित कितने हैं आखिर आज बच्चे क्यों स्कूल नहीं आए विद्यालय में शासन की तरफ से जो मेंटीनेंस का पैसा आता है तो मेंटीनेंस कहां और कब हुआ है स्कूल में जितने बच्चे हैं उनका नाम और पिता का नाम आधार कार्ड सहित स्पष्ट किया जाए त्योंथर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहर्वा स्कूल में भ्रष्टाचार का अम्बार कब होगा इसका निदान स्कूल कि स्थित देखने पहुंचे ग्राम पंचायत सोहर्वा रामकृपाल हरिजन, जीतेन्द्र तिवारी, बबलू तिवारी, कैलाश पाण्डेय, सनी, एवं सभी स्कूल के बगल के भी लोग थे उपस्थित वहीं शिक्षक में राजेश कुमार, एवं कमलेश्वर प्रसाद शुक्ला थे उपस्थित वहीं हेडमास्टर नहीं थे उपस्थित

# दस लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब, मादक पदार्थ आदि के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक सोनवा श्यामदेव चौधरी व पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर हनुमानगढ़ी के पीछे कर्बला रोड बहदग्राम लखाही खास से अभियुक्त मनोज पुत्र निब्बर वर्मा नि0-ग्राम बेड़सरी दा0 फतुहापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना सोनवा पर मुकदमा पंजीकृत किया ।

# किसान सभा की बैठक संपन्न




क्यूँ न लिखूँ सच
रावेद्र सिंह

मध्य प्रदेश किसान सभा जिला इकाई सतना की बैठक रामपुर बाघेलान स्टेडियम में भोला प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई राज्य की ओर से राज्य महासचिव अखिलेश यादव राज्य उपाध्यक्ष रामनारायण कोररिया सामिल रहे कोररिया ने भोपाल में हुए राज्य पदाधिकारी बैठक में लिए गए निर्णय की रिपोर्टिंग किये अखिलेश यादव ने कहा संगठन की सदस्यता बढ़ाये सभी गांवों में ग्राम कमेटियां गठित कि जाए एवं भोपाल में 19 फरवरी की रैली में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करें जिला महासचिव शिवराम सिंह ने कहा की चुनाव में भाजपा सरकार की गारंटी अनुसार किसानो की धान का भुगतान 3100 सौ प्रति कुंटल कि दर से किया जाए एवं गैस सिलेंडर के दाम 450 किया जाए व बिजली विभाग द्वारा एवरेज बिल के नाम पर उपभोक्ताओं के ऊपर फर्जी बिल पर रोक लगाई जाए

उपरोक्त मांगों को लेकर 9 जनवरी को सांकेतिक ज्ञापन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रामपुर बघेलान को सौंपा जाएगा बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा जिला संयोजक के के शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष रामराज सिंह इंजी आशुतोष सिंह इंद्रगोपाल सिंह शिवप्रसाद त्रिपाठी पप्पू पांडे राजेंद्र सिंह अर्जुन दाहिया वालेंद्र सिंह प्रद्युमन सिंह मोतीलाल सिंह शंकर कुशवाहा निलेद्रप्रताप सिंह लल्लू सिंह उपस्थित रहे

# जल प्रपात का जमकर उठाया लुत्फ सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल





सूरजपुर--चांदनी बिहारपुर - रकसगडा जल प्रपात में सैलानियों का हुजूम उमड़ पड़ा। उम्मीद से अधिक भीड़ होने से पुलिस प्रशासन को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। रविवार को दिन भर लफरी, रकसगडा सहित आसपास के अन्य पर्यटन स्थलों पर सैलानियों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। कड़ाके के ठंड के बावजूद पर्यटकों ने जल प्रपात में खुब लुत्फ उठाया। इसके साथ ही सैलानियों ने पहाड़ों पर मधुर संगीत पर नृत्य कर नव वर्ष को यादगार बनाया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ ही मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड से पिकनिक मानाने व घूमने रकसगंडा, लफरी जल प्रपात में पर्यटक ऊंचाई से गिरते हुए झरनों को निहारने की चाहत में पहुंचे। नये के दिन सुबह से ही सैलानी इन स्थलों पर भारी संख्या में पहुंचने लगे। क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के बावजूद भी घरों से बाहर निकल कर सैलानी जल प्रपात पर पिकनिक मनाने पहुंचे। वहीं नागरिकों का कहना है कि बालमगढ़, तमोर पिंगला को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिएउनका यह भी कहन है कि यहां आये दिन भारी संख्या में लोग घूमने पहुंच रहे है और डेंजर जोर में रेलिंग न होने की वजह से किसी अनहोनी का भी खतरा बना रहता है। जिससे यहां रेलिंग लगाया जाना अति आवश्यक है। जल प्रपात के पास वाहनों की लगी कतारें रकसगडा, लफरी, जलप्रपात में बाहर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पूर्वांचल सहित अन्य प्रदेश से आए सैलानियों के वाहन जल प्रपात के बाहर खड़े नजर आए। जल प्रपात पूर्वांचल के लोगों के लिए सबसे मनोरम और सुरक्षित जल प्रपात की श्रेणी में आने की वजह से सैलानियों की भीड़ आए दिन उमड़ती रहती है। महिलाएं भी पहुंचीं पिकनिक मनाने- जल प्रपात पर हजार के करीब सैलानियों पहुंचे और सुबह से लेकर देर शाम तक दूर दराज से आए सैलानियों ने जल प्रपात का जमकर लुत्फ उठाया। सैलानियों ने यहां बाटी चोखा का जमकर स्वाद लिया। उपली और चूल्हा जला कर सैलानी खाना बनाने में मशगूल नजर आए। पर्यटन स्थल पर महिला सैलानी भी पिकनिक मनाने में पीछे नहीं रहीं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में जन अभियान परिषद त्यौंथर की टीम का रहा सराहनीय कार्य

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रीवा के संभाग समन्वयक आदरणीय श्री प्रवीण पाठक जी, विकासखण्ड समन्वयक आदरणीय श्री अमित अवस्थी जी ,के निर्देशन पर विकासखंड त्यौंथर के सेक्टर त्यौंथर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत अंजोरा में पहुंची।जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ने ग्राम में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमे सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी,साथ ही नवांकुर चयनित संस्था तेजस्विनी महिला मंडल की अध्यक्ष सुश्री ज्योति सिंह जी ने विकसित भारत संकल्प योजना के बारे में लोगो की जानकारी,कार्यकर्म में भाग लिए हुए सभी विभागों से महिला बाल विकास ने महिलाओं और बालिका संबंधी योजनाओं की जानकारी दी,तथा स्व सहायता समूह के अधिकारी, कल्याण एवं कृषि विभाग संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।जैसे पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना,उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि योजना, किसान गरीब कल्याण योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, फसल बीमा योजना, मातृ योजना, लाडली बहना योजना ,आदि योजनाओं की जानकारी अलग-अलग विभागों द्वारा प्रदान की गई । ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव,पटवारी हल्का,जीआरएस तथा जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना के अंतर्गत संस्था सूरज विकास प्रस्फुटन समिति चाकघाट के अध्यक्ष श्री शिवाकांत पांडे जी,,एवं मेंटर्स राजेश कुमार जी,विवेक सिंह जी, सेक्टर प्रभारी रुबिया बेगम जी,रुकमणि तिवारी जी,ग्राम पंचायत की आगनवाड़ी कार्यकर्ता, व जनपद



से आए हुए कर्मचारी तथा रूस्ङ्ख व क्रस्ङ्ख के छात्र व धेनु श्री उद्यमिता विकास एवं गौ सेवा समिति की जिला विस्तारक अधिकारी निशा सिंह जी,एवम मुख्यमंत्री युवा जन से मित्र निर्मिता सिंह भी उपस्थित रही।

# तीन हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया मुकद्दम

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी - नगर निगम के सफाई कर्मियों से उनकी ड्यूटी लगवाने और काम कराने के एवज में अवैध रुपए लेने वाले मुकद्दम को रंगे हाथों दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक सीपरी बाजार क्षेत्र में तैनात नगर निगम का मुकद्दम नीरज साहू के खिलाफ पिछले कई दिनों से ड्यूटी लगाने के नाम पर अवैध रुपए लेने की शिकायत मिल रही थी। इस सूचना पर एंटी करप्शन टीम ने अपना जाल बिछाते हुए मंगलवार को दोपहर के समय सीपरी बाजार क्षेत्र के कच्चे पुल के पास महिला सफाई कर्मियों से ड्यूटी लगाने के नाम पर अवैध रुपए तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। टीम उसे पकड़ कर थाना सीपरी बाजार थाना ले गई जहां उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे भाजपा समर्थक पिलखा डेम



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर-ओड़गी - सूरजपुर जिले के भारतीय जनता पार्टी के तेज तर्रार जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल का 2 जनवरी को जन्मदिन था.इस खास मौके पर उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए ओड़गी मंडल के भाजपा समर्थक पहाड़ गांव (पिलखा डेम) पहुंचे .

